## शहर के कई क्षेत्रों में आज 6 घंटे तक बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में शनिवार को पोल शिफ्टिंग और तारों के रखरखाव के चलते कई क्षेत्रों में आज 6 घंटे तक की बिजली कटौती की जाएगी। शनिवार को रामेश्वरम, गुलाबी नगर, परमार पेट्रोल पंप और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा। रजत विहार, भेल संगम, आदि परिसर, कृष्णा इंक्लेव सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक, बैरागढ़ गांव, आदर्श नगर, नई बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक, मेपल ट्री व एमएसबी कैंपस में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक, शिवाजी नगर, जेल हिल्स, सेंट्रल स्कूल, अर्जुन फिटनेस क्लब, बिट्टन मार्केट, ई-2, ई- 3, ई-4 अरेरा कालोनी में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बरखेड़ा पठानी में रहने वाली 20 साल की युवती घरेलू काम करती है। दो साल पहले उसकी मुलाकात मुकेश विश्वकर्मा से हुई थी। आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर ज्यादती की। उसके बाद से वह लगातार उसका शोषण करता रहा। कुछ दिन पहले उसने पीड़िता से शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मिसरोद में पति-पत्नी के आग से जलने से मौत का मामला: सुसाइड की तरफ इशारा कर रहे सबूत

# गैस सिलेंडर और बाइक में ब्लॉस्ट से घर वालों को पता चल जाता, इसलिए उसे बाहर रखा, फिर दोनों ने किया आत्मदाह

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मिसरोद के जाटखेड़ी नई बस्ती में मकान के अंदर जलने से हुई नवविवाहित जोड़ों के मामले में पुलिस को मिले साक्ष्य सुसाइड की तरफ इशारा कर रहे हैं। सबसे बड़ा सबूत घटना से पहले घर के बाहर उनकी तरफ से रखा गया रसाई गैस सिलेंडर-चूल्हा है। पुलिस इसके पीछे दंपति का यह मकसद मान रही कि आत्मदाह के बाद सिलेंडर में आग भड़कती, इससे विस्फोट होता। इसकी वजह से उनके कमरे के बगल वाले कमरे में सो रहे माता-पिता, भाई-भाभी को उनके इस आत्मघाती कदम का पता चल जाता। इतना ही नहीं उस दिन उन्होंने बाइक भी घर के बाहर रख दी थी। दरवाजा अंदर से नहीं बंद किया था। बता दें नई बस्ती जाटखेड़ी निवासी 25 वर्षीय सतीश बिराड़े उनकी 22 वर्षीय पत्नी आमृपाली की गुरुवार सुबह उनके कमरे में जली हुई लाश मिली थी। सतीश इंद्रपुरी, पिपलानी में फूल-माला का काम करता था। दोनों ने चार साल पहले लव-मैरिज की थी। शुक्रवार को दोनों के जले हुए शव का पीएम हुआ।

### जिंदगी की आखिरी सेल्फी

### सेल्फी देख आमृपाली की मां ने रात 10 बजे की थी बात



आमृपाली देर शाम सलकनपुर देवी दर्शन कर लौटी थी। इसके बाद उसने अपने मोबाइल में वाट्सऐप स्टेटस पर पति के साथ ली गई सेल्फी लगाई थी। जिसे देखकर मुंबई में रही उसकी मां ने फोन किया था। मुंबई से आमृपाली की बहन ने बताया कि मां से सामान्य बात हुई थी। उसने कभी कोई परेशानी नहीं बताई थी। पिता ने भी बात की थी। पिता से आमृपाली ने कहा था कि वह मंदिर गई थी। थक गई है। सुबह बात करेगी। इसके बाद कॉल कट कर दिया था।

### पोटली में बांधकर ले जाना पड़ा शव

शुक्रवार को दोनों के शव को पुलिस ने पीएम कराया। आग से शव बुरी तरह जल चुका था। सिर्फ हड्डिया बची थीं। पुलिस उन्हें पोटली में बांधकर हमीदिया शव परीक्षण गृह लेकर पहुंची। घर को पुलिस ने अभी सील नहीं किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### देवी दर्शनकर लौटे

सतीश की भाभी रेशमा ने बताया कि बुधवार को हम लोग सलकनपुर देवी मंदिर गया हुआ था। सतीश के साथ उसकी पत्नी आमृपाली भी गई हुई थी। देर शाम सभी लोग सलकनपुर से लौटे। थकान इतनी थी कि खाना खाने के बाद हम लोग सो गए। सतीश और आमृपाली भी अपने कमरे में सोने चले गए। रात में जब आग लगी हम लोगों को पता ही नहीं चला।

### सीसीटीवी से रखता था घर के विवाद पर नजर

आमृपाली का अपने सास से विवाद चल रहा था। सास-बहू आपस में आए रोज लड़ती-झगड़ती थीं। विवाद को खत्म करने के लिए करीब 15 दिन पहले सतीश ने अपना खाना अलग अपने में बनाना शुरू कर दिया था। विवाद पर नजर रखने के लिए उसने कमरे के बाहर कैमरा लगाया था।

### अचानक आग लगने व भाग नहीं पाने का कोई साक्ष्य नहीं मिला

नवदंपति जिस कमरे में सोए थे उसमें फ्रीजर, वाशिंग मशीन रखा है। जो बिजली से नहीं जुड़े मिले। बिस्तर के पास ऐसा कोई इलेक्ट्रिक उपकरण, ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखा था जिससे अचानक लगी आग इतनी भीषण हो गई कि वह भाग नहीं सके। उनके बिस्तर के पास जमीन में बर्तन रखे हुए मिले हैं। पास में ही एक खिड़की है। पुलिस मान रही कि शुरुआत में आग उनके बिस्तर के पास ही लगी है। यही वजह रही कि दोनों के शव पूरी तरह जल गए। कमरे के अन्य हिस्से में आग की लपटों से सिर्फ सामान झुलसा है।

### इनका कहना...

पुलिस अभी जांच के सभी बिंदुओ पर जांच कर रही है। प्रथमदृष्टा सुसाइड का मामला लग रहा है। हादसा भी हो सकता है।

**- मनीषराज सिंह भदौरिया,** थाना प्रभारी, मिसरोद

### सुसाइड की तरफ इशारा कर रहे यह सबूत

1. **गैस सिलेंडर:** सतीश के कमरे के बाहर उसका रसोई गैस सिलेंडर, चूल्हा रखा हुआ मिला है। पुलिस मान रही कि आग से सिलेंडर में धमाका होता। इससे बगल में रह रहे उसके परिवार को आग की जानकारी मिली जाती।
2. **बाइक:** बाइक को भी सतीश ने घर के बाहर रख दिया था। उसकी भाभी रेशमा ने बताया कि जबकि हर रोज कमरे के अंदर रखता था। आशंका है कि बाइक से उसने पेट्रोल निकाला होगा। आग से बाइक में भी धमाका होने का अंदेशा रहा होगा।
3. **गेट:** सतीश की भाभी ने बताया कि अंदर से गेट बंद नहीं था। इससे लग रहा कि आग का उन्हें अंदाजा था। हम लोगों का कमरा भी सतीश के कमरे से जुड़ा है। गेट खोलने से आग से तपन बगल के कमरों तक नहीं आ सकी।

### जाम से मुश्किल में आवाम



राजधानी में शुक्रवार को पुराने शहर में दो-तीन जगह जाम लगने के कारण आम जनता परेशान रही। बड़े तालाब के शीतदलदास की बागिया घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के आवसर पर दीपदान करने पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धलुओं के कारण कमला पर्क से पॉलिटेक्निक चौराहे तक जाम लग गया। इसमें घंटों वाहन चालक फंसे रहे। इसके अलावा गुरुनानक जयंती कार्यक्रम के कारण हमीदिया रोड पर भी जाम लगा जिससे लोग परेशान हुए। छाया: एचसी वर्मा

## हिमाचल से लाए 8 करोड़ की चरस भोपाल, इंदौर में खपाने की थी तैयारी

### पुलिस ने 2 दिन में चिलम में गांजा पीने वाले 50 लोगों पर की कार्रवाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में पकड़ी गई आठ करोड़ की साढ़े आठ किलो चरस हिमाचल के कासोल से लाई गई थी। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह इसे भोपाल, इंदौर व राजगढ़ में खपाने की तैयारी में थे। इधर, शहर में नशा तस्करों के साथ उसका सेवन करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने मुहिम छोड़ रखी है। दो दिन में पुलिस ने 50 लोगों को चिलम में गांजा पीते हुए दबोचा है। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि गुरुवार को वे हिमाचल के कासोल से उत्तरप्रदेश के रास्ते चरस लेकर खजूरी सड़क पहुंचे थे। योजना के अनुसार भोपाल, इंदौर और राजगढ़ के फुटकर सप्लायर चरस खरीदने यहां पहुंचने वाले थे। यहां से भारी मात्रा में चरस खरीदकर वे अपने इलाकों में इसे बेचते। आरोपी इससे पहले भी मादक पदार्थ तस्करी कर चुके हैं, इनमें से आमिर कुरैशी के विरुद्ध 2016 में मंगलवारा थाना में एनडीपीएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। बता दें क्राइम ब्रांच पुलिस ने गुरुवार को बरखेड़ा सालम जोड़ पर न्यू विक्की ढाबा के पास कार सवार आमिर कुरैशी, उसकी पत्नी जाहिदा व प्रतीक मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इनके पास से आठ किलो 400 ग्राम चरस, दो लाख रुपये नकद, पांच मोबाईल फोन एवं एक कार जब्त की गई थी।

### कार की डिक्की में चरस भरकर लाया

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पति-पत्नी हिमाचल के कासोल से गांजा अपनी कार की डिक्की में भरकर लाते हैं। रास्ते में पुलिस की चेकिंग प्वाइंट से बचकर निकलते हैं। गुजरना भी होता है तो जाहिदा को आमिर आगे कर देता है। वह पुलिस को बताती है कि वह परिवार के साथ है। डिक्की में घरेलू सामान है।

## इंस्टाग्राम पर 'मिस यू मां' का मैसेज कर युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल के सूखी सेवनिया इलाके के भदभदा रेलवे लाइन पर गुरुवार रात युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। उसकी शिनाख्त हाथ में बने टेटू से हुई है। सुसाइड से पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम पर मिस यू मां का मैसेज किया था। इससे पहले उसने एक युवती के साथ अपना वीडियो भी अपलोड किया था। पुलिस के मुताबिक, विकास वाल्मीकि (19) मूल रूप से कुरवाई जिला विदिशा का रहने वाला था। फिलहाल वह कोकता हनुमान मंदिर के पास रह रहा था। कान्हासैया की एक प्रिंटिंग प्रेस में सफाई करता था। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी बॉडी भदभदा रेलवे ट्रैक पर मिली। परिजन उसकी तलाश करते हुए थाने आए। जहां उन्हें बॉडी का फोटो दिखाया। हाथ में बने टैटू के आधार पर उसकी पहचान की जा सकी थी। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके बुआ के बेटे रामबाबू वाल्मीकि ने बताया कि आखिरी बार दोपहर 12 बजे विकास ने उन्हें कॉल किया था। उसने सूखी सेवनिया में रहने वाले दोस्त से मिलकर लौटने की बात की थी। इसके बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ जाने लगा। सूखी सेवनिया के आसपास ग्रामीणों और दुकानदारों को फोटो दिखाकर तलाशते रहे। किसी को उसके संबंध में जानकारी नहीं थी। रात में सूखी सेवनिया मेन रोड पर दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने बताया कि एक युवक का शव भदभदा से पुलिस ने बरामद किया है। इसके बाद थाने पहुंचे, जहां उसकी फोटो से पहचान की और पुलिस ने मौत की जानकारी दी।

### प्रेम प्रसंग के चलते सुसाइड की आशंका



पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की आशंका है। अन्य सभी एंगल पर भी मामले की जांच कर रहे हैं। घटना स्थल और मृतक के कपड़ों की तलाशी में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## मैनिट से पीएचडी करने 25 तक जमा किए जा सकेंगे ओवदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) ने पीएचडी एडमिशन का शेड्यूल जारी कर दिया है। मेनिट पांच कैटेगरी में पीएचडी कराएगा। मेनिट 217 सीटों पर पीएचडी कराएगा। इनमें फुल टाइम रिसर्च स्टूडेंट्स, पार्ट टाइम रिसर्च स्टूडेंट्स, स्पांसर्ड फुल टाइम, जेआरएफ/ प्रोजेक्ट एसोसिएट्स और इंटरनल फैकल्टी शामिल हैं। 25 नवंबर तक आवेदन जमा होंगे। मैनिट 17 दिसंबर को लिखित परीक्षा और इंटरव्यू लेगा, जो यह फुल टाइम और जेआरएफ विद्यार्थियों के लिए होगा। इसके बाद 19 दिसंबर को पार्ट टाइम, एग्जीक्यूटिव और स्पांसर्ड एमओयू, इंटरनल कैंडिडेट के इंटरव्यू होंगे। इसका रिजल्ट 23 दिसंबर को घोषित कर दिया जाएगा। एडमिशन तीन जनवरी तक लेना होंगे। पीएचडी की विभिन्न श्रेणियों में सबसे ज्यादा 104 सीटें फुल टाइम रिसर्च में रखी गई हैं। इसके बाद स्पांसर्ड फुल टाइम में 36 और पार्ट टाइम में 77 सीट हैं। यहां 18 विभाग पीएचडी करवाएंगे। इनमें आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, बायोलॉजिकल साइंस एंड इंजीनियरिंग समेत अन्य विभाग शामिल हैं।

**तैयारी** | पुलिस कमिश्नर को लिखेंगे पत्र, हास्टल में नहीं रुक पा रहे नव प्रवेशित विद्यार्थी

# पुलिस बुलाकर अनाधिकृत विद्यार्थियों से हॉस्टलों को खाली कराएगा बीयू

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के तीन हास्टल में अनाधिकृत तौर पर करीब सवा सौ विद्यार्थी रह रहे हैं। इससे नव प्रवेशित विद्यार्थी हास्टल में नहीं रुक पा रहे हैं। कई बार जोर लगाने के बाद भी बीयू अधिकारी अनाधिकृत विद्यार्थियों को हास्टलों से बाहर नहीं करा पाई है।

बीयू पुलिस को बुलाकर विद्यार्थियों को हास्टल से बाहर निकलवाएगा। इसके लिऐ बीयू पुलिस कमिश्नर को पत्र भेज रहा है। बीयू के जवाहर, संजय गांधी और मुंशी प्रेचचंद हास्टल में पासआउट होने के बाद भी करीब सवा सौ विद्यार्थी अनाधिकृत तौर पर बने हुए हैं। वे हास्टल में बने रहने के लिए पीजी कोर्स में प्रवेश ले लेते हैं। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रवेश परीक्षा होने के कारण उन्हें मेरिट में स्थान नहीं मिला जिसके चलते वे किसी भी कोर्स में प्रवेश नहीं ले सके। प्रवेश नहीं होने की दशा में वे बीयू के तीनों हास्टल में रहने की पात्रता नहीं रखते हैं। इसलिये बीयू प्रबंधन को उन्हें हास्टल के कमरों से बाहर करने का नोटिस भी जारी कर दिया, लेकिन वे हास्टल छोड़ने को तैयार नहीं हैं। बीयू तीन माह से उन्हें बाहर करने के लिए काफी मशक्कत कर चुका है। इसलिये बीयू प्रबंधन ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर हास्टल से अनाधिकृत तौर पर रह रहे सवा विद्यार्थियों बाहर कराने का निर्णय कर लिया है। पुलिस कमिश्नर पुलिस बल को तीनों हास्टल में भेजकर अनाधिकृत विद्यार्थियों को बिस्तर तकिए के साथ बाहर करेंगे।



**किस हॉस्टल में कितने अनाधिकृत विद्यार्थी**

| मुंशी प्रेमचंद्र | जवाहर | संजय गांधी |
|---|---|---|
| 12 | 93 | 10 |

### कमेटी भी साबित हुई बेअसर

बीयू प्रशासन ने हास्टल में रहने वाले अनाधिकृत विद्यार्थियों को बाहर करने के लिए कमेटी का गठन किया था। इसमें अध्यक्ष चीफ वार्डन हेमंत खंडाई को रखा है। उनके साथ सात सदस्यों में डॉ. अच्छेलाला, डॉ. सुनील स्नेही, डॉ. सीएस गर्ग, प्रौक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्य, अनुशासन समिति के सभी सदस्य, सुरक्षा प्रभारी कपिल सोनी और सुरक्षा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शर्मा को शामिल किया गया था, लेकिन कमेटी विद्यार्थियों को बाहर नहीं कर सकी। इसलिये बीयू को अब अपने हास्टल को खाली कराने के लिए पुलिस बल की जरूरत लग रही है।

### निजी हॉस्टल में डटे विद्यार्थी

बीयू के विभागों में बाहर से आए नये विद्यार्थियों ने यूजी के प्रथम वर्ष और पीजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश ले लिया है। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थी अजीत सोनी ने बताया किपीजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया है। उसे अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए हॉस्टल की जरूरत है। इसलिये उनसे हॉस्टल में रहने के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। उसने फीस भी जमा कर दी है। लेकिन उसे अभी तक कमरा नहीं मिल सका है। बीयू विद्यार्थियों द्वारा कमरे नहीं छोड़ने पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कमरे आवंटित नहीं पा रहे हैं।



**मौसम अपडेट**

प्रदेश के चार महानगरों का तापमान

| भोपाल | इंदौर | जबलपुर | ग्वालियर |
|---|---|---|---|
| 30.0 अधिकतम | 30.0 अधिकतम | 33.0 अधिकतम | 35.0 अधिकतम |
| 21.0 न्यूनतम | 22.0 न्यूनतम | 22.0 न्यूनतम | 22.0 न्यूनतम |

देश के चार महानगरों का तापमान

| दिल्ली | मुंबई | चेन्नई | कोलकाता |
|---|---|---|---|
| 35 अधिकतम | 31 अधिकतम | 32 अधिकतम | 33 अधिकतम |
| 23 न्यूनतम | 26 न्यूनतम | 26 न्यूनतम | 26 न्यूनतम |

# अमृत वेला परिवार व ठाकी दादी दरबार से निकली शोभा यात्रा





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में भी गुरुनानक देव जी की जयंती उत्साह एवं परम्परागत ढंग से मनाई गई। यहां अमृत वेला परिवार की सुबह तो शाम को ठाकी दादी दरबार से भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा निकली, जिसमें ध्वज लिए, घोड़ों पर सवार बच्चे एवं पंचत प्यारे जबरदस्त आकर्षण का केन्द्र थे। फूलों से सजी एक वाहन पर पवित्र गुरूग्रन्थ साहिब एवं गुरुनानक देव का चित्र सवार थे। बड़ी संख्या में जहां महिलाएं भक्ति गीत गाते व नाचते चल रही थी वहीं पुरुष भी काफी संख्या में दिखे। अमृत वेला परिवार की यह शोभायात्रा संत हिरदाराम नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी और जगह जगह हारफूलों से स्वागत किया गया। जगह जगह प्रसाद का भी वितरण हुआ।

## महेश की दरबार

इधर ए न्यू वार्ड स्थित महेश दयारामानी की दरबार में सुबह 4 बजे से ही उत्सवी माहोल था। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं कीर्तन के लिए आई। इस मौके पर महेश दयारामानी एवं ज्योति दयारामानी ने सुखमनी का पाठ, गुरूग्रन्थ साहिब का पाठ किया, आरती उतारी गई और गुरूग्रन्थ साहिब की विशेष अरदास की गई।

## रास्ते पर झाड़ू व पानी का छिड़काव

चूंकि गुरुग्रन्थ साहिब को अत्यंत ही पवित्र ग्रन्थ माना जाता है, जिसकी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है कोई भी अपवित्र चीज व गन्दगी छू न पाए इसके लिए जहां जहां अमृत वेला परिवार की शोभा यात्रा निकली, उन सड़कों पर सबसे पहले पानी का टेंकर पानी से छिड़काव करता चल रहा था जबकि दो दर्जन से अधिक महिलाएं हाथ में झाड़ू लिए मार्ग को साफ करती चल रही थी।

## गंगाधाम आश्रम

एफ वार्ड स्थित गंगाधाम आश्रम में सुबह 4 बजे से ही महिलाओं के आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था, यहां महंत स्वामी तुलसीदास कलतारी का सत्संग हुआ जो सुबह साढ़े सात बजे तक चला। सत्संग में उन्होंने गुरूनानक देव जी की महिला के न केवल गीत गाए बल्कि उनकी जीवन गाथा से भी श्रद्धालुओं के अवगत कराया। यहां खीर के रूप में प्रसाद का वितरण भी किया गया। गंगाधाम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सत्संग का लाभ उठाया।



## सुख सागर दरबार

वार्ड 4 में उदासीन सम्प्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा रामदास उदासीन की सुख सागर दरबार में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला यहां तड़के 4 बजे से ही बड़ी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे जुटने प्रारंभ होग। बाबा रामदास उदासीन ने लगभग तीन घंटे तक लगातार कीर्तन किया और गुरूनानक देव जी के अलावा गुरूग्रन्थ साहिब की पवित्रता व महिला का बखान किया। इस दौरान प्रसादी का वितरण भी हुआ। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमूं काफी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## निरंजन धाम

लक्ष्मण स्थित निरंजन धाम के प्रभारी समाज सेवी जयकिशन लालचंदानी ने बताया कि यहां सुबह 4 बजे से जो कार्यक्रम प्रारंभ हुए तो उसमें कीर्तन, गुरूग्रन्थ साहिब का पाठ हुआ। दोपहर 2 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

## द्रोपदी बिना पहला आयोजन

साध्वी द्रोपदी देवी धनवानी द्वारा दशकों पूर्व स्थापित किया गया गुरूद्वारा जहां हर साल कार्तिक मास में दीपावली के बाद से ही विशेष कीर्तन, भजन एवं अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं, इसी साल उनका अवसान हो गया और उनके बिना यह पहली गुरूनानक जयंती थी बावजूद इसके इस दरबार में गुरूनानक जयंती मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। यहां तड़के 3 बजे से कार्यक्रमों का सिलसिला प्रारंभ हुआ। जो रात 1.20 बजे तक जारी रहा। विजय नगर स्थित हरि सेवा दरबार में सुबह 9 से 12 बजे तक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। वरिष्ठ समाज सेवी कैलाश आसूदानी ने बताया कि यहां 12 बजे सहज पाठ का भोग एवं एक बजे से लंगर रखा गया, जिसमें काफी सख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कालोनी के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिवव अशोक टिलवानी एवं सचिव कैलाश आसवानी, शिक्षाविद आनंद सबधाणी सहित अनेक गणमान्य लोग भी शामिल हुए। सीआरपी वार्ड 4 स्थित सिख समाज की दरबार से जुड़े समाज सेवी महेन्द्र सिहं गांधी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 4 से 7 बजे तक स्मरण, पाठ, सुखमनी एवं 7 बजे शिला पर चोला चढ़ाया गया जबकि रात 9 से 11 बजे तक विशेष कीर्तन हुआ।

# साधु वासवानी जयंती पर बंद रहेंगे पशुवद्य गृह

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा एवं नारी शिक्षा को समर्पित कर देने वाले महान संत एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनानी साधु



टीएल वासवानी की 25 नवम्बर को 145वीं जयंती पर पहली बार भोपाल नगर निगम ने संत हिरदाराम नगर के सभी पशुवद्य गृह बन रखने का आदेश जारी किया है। एमआईसी सदस्य भाजपा पार्षद राजेश हिंगोरानी ने बताया कि गुरूनानक जयंती 15 नवम्बर को जारी परिपत्र में कहा गया है कि साधु टीएल वासवानी की 145वीं जयंती जो कि पूरे भारत एवं विश्व में फैले उनके अनुयाईयों द्वारा निरामिष दिवस के रूप में मनाई जा रही है, को संत हिरदाराम नगर के सभी पशुवद्य गृह बंद रहेंगे। यहां बता दें कि साधु टीएल वासवानी का जन्म 25 नवम्बर 1879 को हुआ ओर 16 जनवसरी 1966 को अवसान महाराष्ट्र के पुणे शहर में हुआ। साधु टीएल वासवानी जयंती पर हजारों की संख्या में विद्यार्थी एवं आम नागरिक आजीवन मांस एवं मदिरा का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प भी लेंगे। यहां के साधु वासवानी स्कूल में विगत दिनों नूरी ग्रन्थ साहिब के पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसका समापन्न 25 नवम्बर को किया जाएगा। इस दिन वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भव्य प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी।

## प्रकाश पर्व धूमधाम से मना निकला चल समारोह

**मंडीदीप।** शहर में शुक्रवार को 555 बा प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया गुरु नानक देव की जयंती पर सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक देव का चल समारोह निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्ग मानसी पालर से प्रारम्भ होकर, दुर्गा चौक, शनिवार बाजार , स्टेशन रोड, नेशनल हाइवे होते हुऐ मंगल बाजार, रामनगर, गाँधी चौक, गणेश चौक से समापन स्थल पहुचा जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया साथ ही अरदास एवं कीर्तन का आयोजन किया गया इस मौके पर मुरली धर्मवानी, भेरूमल धर्मबानी, अजय आहूजा, पपी काका, अजीत सचदेव, जीतू चंदानी सहित लोग मौजूद थे।

# अभा सिंधी समाज के पदाधिकारियों की हुई बैठक

## दिल्ली में कायम होगा स्थाई दफ्तर, आगामी सम्मेलन पर चर्चा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधियों की 60 साल पुरानी अग्रणी सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज के भोपाल में निवास करने वाले पदाधिकारियों की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में समाज के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार सुरेश जसवानी, महासचिव आनंद सबधाणी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेरश चोटरानी, कन्हैयालाल पंजवानी, कोषाध्यक्ष नीलकुमार बचानी के अलावा मोहनलाल तलरेजा एवं हुकुमतराय हेमनानी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर अपने अध्यक्षीय उदबोधन में त्रिलोक दीपानी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर समाज का दफ्तर कायम किया जाएगा, और दिल्ली से ही देशभर में समाज की गतिविधियों का संचालन होगा। उन्होंने बताया कि जिन प्रदेशों में समाज की प्रदेश इकाईयां नहीं हैं, वहां शाखाओं का गठन किया जाएगा और प्रदेश इकाइ पर जिला शाखाओं के



गठन का जिम्मा सौंपा जाएगा।

उन्होंने अप्रैल 2024 में गोवा में सफल सम्मेलन के बाद अब विदेशी धरती पर भव्य सम्मेलन की जानकारी देते हुए बताया कि सभी की सहमति से उबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में किए जाने पर विचार किया जाएगा। त्रिलोक दीपानी ने समाज की अब तक की गतिविधियों पर भी विस्तार से रोशनी डाली।

### उद्देश्य वर लक्ष्य जरूरी

इस मौके पर मुख्य सलाहकार सुरेश जसवानी ने कहा कि सिंधी समाज के नए सिरे से उद्देश्यों पर विचार विमर्श होना चाहिए साथ ही हमारा लक्ष्य क्या हो, इस पर भी ध्यान देना होगा, ताकि उस लक्ष्य को सामने रखकर समाज राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर काम को अंजाम दे सके। सुरेश जसवानी कहा कि सिंधी भाषा, कला, साहित्य व संस्कृति के उत्थान के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार द्वारा संचालित सिंधी भाषा विकास परिषद एवं मप्र सिंधी साहित्य अकादमी का बजट बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने होंगे। यहां दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बैठक का संचालन महासचिव आनंद सबधाणी एवं आभार प्रदेश शखा के उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने किया।

# गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर सिख समाज ने निकाला नगर कीर्तन

**जागरण औबेदुल्लागंज।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर सिख समाज ने नगर कीर्तन निकाला। महावीर कॉलोनी से शुरू हुआ नगर कीर्तन मुख्य मार्ग से होते हुए नर्मदापुरम रोड स्थित गुरुद्वारे पर समाप्त हुआ। जगह-जगह पर सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया, श्री गुरु सिंघ साहब गुरुद्वारे की ओर से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज एवं नगर के लोगों ने शामिल होकर सेवा की। पांच



प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी पालकी पर विराजमान थी, जिसके आगे सेवादार पानी से धुलाई करने के साथ-साथ झाड़ू लगाते हुए चल रहे थे। महावीर कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से शाम से शुरू हुए नगर कीर्तन बस स्टैंड ,सीताराम चौराहा, से राम मंदिर होते हुए नर्मदा पुरम रोड स्थित गुरुद्वारे में पहुंचा। इस दौरान सिख समाज द्वारा लंगर चलाया गया गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि आज शनिवार को गुरुद्वारे के पास कोठारी कैंपस में साद- संगत के उपरांत विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। सिख समाज ने समस्त धर्म प्रेमी बांधुऔ से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लंगर प्रसादी पाए और गुरु वचनों को सुने और अपने आप को धन्य करें।

# आधुनिक भारत के जनक थे जवाहरलाल नेहरूः त्रिलोक दीपानी



### कांग्रेसियों ने याद किया देश के प्रथम प्रधानमंत्री को

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उत्साह से याद किया और उनकी जयंती परम्परागत ढंग से मनाई। इस मौके पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एव वरिष्ठ नेता तथा अभा सिंधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू देश के न केवल प्रथम प्रधानमंत्री थे बल्कि वे औद्योगिक क्रांति एवं आधुनिक भारत के निर्माता भी रहे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राज मनवानी तेजा सिंह सोंधी, महेश गुरबानी, सुरेश वासवानी, प्रकाश विधानी, मनोहर सतानी जगदीश सांवले, विशणु मारण, सुरेश सिंगरोली अशोक गोकलानी, शम्मी गंगवानी साहिल खान आत्माराम सूर्यवंशी, राजकुमार धानुक, दिलीप सतानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अशोक मारन, माधु चांदवानी ने भी विचार रखे। संचालन महेश गुरबानी ने किया तथा आभार घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया नितिन दुबे प्रकाश अंकुश संजू वर्मा विजय मनोहर राजु भारत अहिरवार भगवंती मिणा अजय धुरिया राकेश आदि उपस्थित थे ।

# धन कमाना नहीं संस्कारवान बनाना हो उद्देश्यः रामेश्वर शर्मा

## यशोदा पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव मनाया

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सनशाइन कोचिंग संस्थान एवं यशोदा पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में स्कूल एवं कोचिंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि ये संस्था न केवल



शिक्षा देने का कार्य कर रही है बल्कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए इनके प्रयास प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि संस्था ने 2019 से फीस नहीं बढ़ाई है क्योंकि इनका उद्देश्य धन कमाना नहीं बल्कि बच्चों को संस्कारवान बनाकर बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि बच्चे जीवन में तरक्की करें। रामायण नृत्य देखकर मेरा मन प्रसन्न हो गया है। ये बच्चे अभी से राम सीता का चरित्र जान रहे हैं, मैं ये विश्वास से कह सकता हूं कि कल जब ये बड़े होंगे तो अपने माता की बात मानकर घर से निकल सकते हैं पर अपने माता पिता को घर से निकाल कर वृद्धाश्रम नहीं भेजेंगे।

इस अवसर पर संस्था की ओर से 26 गरीब बच्चों को स्वेटर प्रदान करने साथ ही 143 बच्चों का मेडल पहना कर सम्मान किया। आयोजन में विधायक प्रतिनिधि राजू मीणा, मंडल अध्यक्ष योगेश वासवानी, कुलदीप खेमचंदानी सहित कई उपस्थित थे।

**बिजनेस प्लस**

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 106वां स्थापना दिवस मना



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 106वां स्थापना दिवस पूरे देश की शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालय, अंचल कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय द्वारा धूम-धाम से मनाया गया। बैंक ने 100 वर्षों से अधिक का सफर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ पूर्ण किया है। बैंक की पंच लाइन अच्छे लोग अच्छा बैंक चरितार्थ किया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हर दिन बैंकिंग के नित नए आयाम प्राप्त कर रहा है। भोपाल में बैंक के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर बिरजा प्रसाद दास,अंचल प्रमुख, अरविंद कुमार सुसरला, उप अंचल प्रमुख, वेद प्रकाश अरोड़ा, उप अंचल प्रमुख, जावेद अहमद जाफरी, क्षेत्र प्रमुख, धनंजय कुमार उप क्षेत्र प्रमुख, रामजस विजयवर्गीय, उप क्षेत्र प्रमुख ने उपस्थित सम्मानित ग्राहकगण, स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को बैंक की स्थापना दिवस की बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

# रामदूत के नाम का सुमिरन कर भोजपाल महोत्सव मेले का आगाज




**भोपाल।** राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर भोजपाल महोत्सव मेले का शुक्रवार शाम 7.30 बजे से सुंदरकांड पाठ के साथ रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा और विशिष्ट अतिथि मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय के साथ मेला संयोजक विकास विरानी सहित सैकड़ों की संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा ने फीता काटकर द ग्रेट जैमिनी सर्कस का शुभारंभ किया। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि विगत 9 वर्षों से मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है। मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। मेले में आने वाले आगंतुकों को इस बार बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार की 400 से ज्यादा दुकानें लगाई गई हैं।

**अष्टान्हिका महा पर्व का समापन**

# संभवनाथ भगवान का जन्मकल्याणक धूमधाम से मना

**मण्डीदीप।** शहर में जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथ का जन्म कल्याणक दिवस भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं की महावीर कलोनी स्थित नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित कई अन्य मन्दिरों में मंत्रोच्चार के साथ तीर्थंकर संभवनाथ की अष्टद्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। भगवान के जन्म कल्याणक का अर्घ्य 'कार्तिक सित पूनम तिथि जान। तीनज्ञानजुत जनम प्रमान। धरि गिरिराज जजै सुरराज। तिन्हें जजो मैं निजहित काज। का सामूहिक उच्चारण से चढ़ाया गया। इससे पूर्व श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व शांति की मंगल कामना के साथ पीयुष जैन परिवार द्वारा शांति धारा की गई। मंदिरों में शाम को आरती की गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप ने बताया कि जैनधर्म के शाश्वत पर्व 'अष्टान्हिका' समापन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पिछले आठ दिनों से मंदिरों में चल रहे धार्मिक आयोजन का समापन हुआ।



# बुर्रा वामसी राम मोहन ने पावरग्रिड के निदेशक का कार्यभार संभाला

**भोपाल।** श्री बुर्रा वामसी राम मोहन ने दिनांक 13 नवंबर 2024 को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सार्वजनिक उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के निदेशक (परियोजना) का पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ इंजीनियरिंग स्नातक, श्री वामसी ने पावरग्रिड में ओएसडी (प्रोजेक्ट) के रूप में कार्य किया है। उन्होंने हार्वर्ड मैनेजमेंटर (एचएमएम) कार्यक्रम पूरा किया है और इसके साथ ही प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भी कई पाठ्यक्रमों



को पूरा किया है। बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक के समृद्ध कार्य अनुभव के साथ, श्री वामसी के पास परियोजना कार्यान्वयन और खरीद प्रबंधन में एक विशिष्ट अनुभव है। उन्हें पावर सेक्टर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की गहरी जानकारी है और वह पावरग्रिड में रेगुलेटरी सेल के संस्थापक सदस्य थे। वह पावरग्रिड के प्रतिस्पर्धा आधारित बोली प्रक्रिया (टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटिटिव बिडिंग) में प्रवेश के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, जिसने अंततः पावरग्रिड को कॉम्पिटिटिव बिडिंग रेजिम में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

